बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 01 / भू0अ0नि0 (9) Digital Signature –15 / 2021 ......2761......

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 15-09-2021

विषय :– विभाग द्वारा संचालित ऑनलाईन सेवाएँ यथा– ऑनलाईन दाखिल–खारिज / ऑनलाईन लगान भुगतान एवं ऑनलाईन एल0पी0सी0 आदि के लिए Digital Signature Class-3 (DSC Class-3) के निर्माण हेतु निविदा प्रकाशन कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभाग द्वारा संचालित ऑनलाईन सेवाएँ यथा– ऑनलाईन दाखिल–खारिज / ऑनलाईन लगान भुगतान एवं ऑनलाईन एल0पी0सी0 आदि के लिए Digital Signature Class-3 (DSC Class-3) के निर्माण / आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि पत्र के साथ संलग्न निविदा सूचना को राज्य के प्रमुख हिन्दी तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों में दिनांक 16.09.2021 को प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :– निविदा सूचना।

विश्वासभाजन

15/9/21

(मुकुल कुमार)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0 (9) Digital Signature –15 / 2021.......... पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :–श्री राजेश कुमार सिंह, पी0आर0ओ0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/9/21

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0 (9) Digital Signature –15 / 2021.......... पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :–आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को निदेशालय / विभागीय बेवसाईट सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/9/21

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E:\Kavita-Y-2021\Suman ji\Assistant Director\15-2021 15-09-2021-2.doc

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

अल्पकालीन निविदा सूचना

विभाग द्वारा संचालित ऑन लाईन नागरिक सेवाएँ यथा–ऑनलाईन दाखिल–खारिज/ऑनलाईन लगान भुगतान एवं ऑनलाईन एल0पी0सी0 आदि निर्माण हेतु विकसित सॉफ्टवेयरों के सफल संचालन हेतु Digital Signature Class-3 (DSC Class-3) के निर्माण एवं रिभैलीडेशन कार्य हेतु इच्छुक निर्माणकर्त्ता/एजेंसी से दर निर्धारण हेतु बेल्ट्रॉन, पटना द्वारा निर्धारित दर से कम दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

उक्त के संबंध में इच्छुक एजेंसी/कम्पनी/आपूर्तिकर्त्ताओं से अनुरोध है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से **दिनांक 01.10.2021 अपराह्न 03:00** बजे तक कार्यालय कार्य दिवस के अन्दर मुहरबंद निविदा निबंधित डाक अथवा विशेष दूत के माध्यम से **निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना** के नाम से राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में समर्पित करेगें। समय समाप्ति के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्राप्त निविदा को **दिनांक 04.10.2021 अपराह्न 3:00 बजे निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, पटना के कार्यालय कक्ष** में गठित क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की शर्त्ते

1. निविदा दो भागों में यथा तकनीकी एवं वित्तीय भाग में अलग – अलग मुहरबंद लिफाफों में दाखिल किया जाय एवं दोनों लिफाफों पर स्पष्ट रूप से तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा का उल्लेख किया जाय। इस शर्त्त का अनुपालन नहीं किये जाने पर तत्काल निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
2. निविदा के साथ संबंधित उत्पादकों/अधिकृत प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्त्ताओं/एजेंसियों का आयकर /जी0एस0टी0 में पंजीकृत/निबंधित होने का प्रमाण–पत्र के साथ–साथ विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न की प्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगें।
3. निविदादाताओं को तकनीकी निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 25,000/–(पचीस हजार) रुपये मात्र का बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट **निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना** के नाम से संलग्न करना अनिवार्य है।
4. उत्पादकों/अधिकृत प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्त्ताओं/एजेंसियों/निविदादाता अपना दर निविदा में सभी कर सहित प्रति DSC (Class-3) का उल्लेख करते हुए, निविदा समर्पित करना सुनिश्चित करेगें, जिसमें वैधता अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।
5. सफल निविदादाताओं को Preventive & Corrective Service अथवा आवश्यकतानुसार सूचना देने के 24 घंटों के अन्दर संबंधित DSC(Class-3) को मेंटेनेंस करना अनिवार्य होगा।
6. DSC (Class-3) आपूर्ति के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा, इस राशि का भुगतान विपत्र उपलब्ध कराने के उपरान्त नियमानुसार आयकर TDS, GSTTDS इत्यादि की कटौती कर किया जायेगा।
7. उपरोक्त सभी सेवा शर्त्ते पूरा नहीं करने पर प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. निर्धारित दर पर आवश्यकतानुसार एक से अधिक एजेंसी से कार्य लिया जा सकता है।
9. बिना कोई कारण बताए निविदा को अंशतः अथवा पूर्णतः संशोधित स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा रद्द करने का अधिकार **निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना** को सुरक्षित होगा।
10. इस निविदा के संबंध में किसी प्रकार के वैधानिक मामले पटना शहर स्थित न्यायालय में उठाया जा सकता है।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप